दिनांक 23 अगस्त 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर के पास सड़क के दोनों किनारे सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण हुआ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा

भिलाई नगर/ सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर रोड के दोनों किनारे लगभग 1 किलोमीटर तक सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किया! उन्होंने ऑनलाइन के माध्यम से ई लोकार्पण किया! लोकार्पण अवसर पर सेक्टर 5 के सौंदर्यीकरण से संबंधित चलचित्र को मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रदर्शित किया गया! इस दौरान महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव , अंत्यावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी , महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी नीरज पाल , आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी , उपायुक्त तरुण पाल लहरें उपस्थित रहे! महापौर श्री यादव ने माननीय मुख्यमंत्री जी को जन्म दिवस की बधाई देते हुए गणेश मंदिर रोड के सौंदर्यीकरण कार्य के बारे में जानकारी प्रदाय की, वही श्री यादव के नेतृत्व में केक काटकर उपस्थित सभी ने मुख्यमंत्री जी को जन्मदिन की बधाई दी! वार्ड क्रमांक 54 सेंट्रल एवेन्यू रोड से फॉरेस्ट एवेन्यू रोड, गणेश मंदिर जाने वाले सड़कों के दोनों ओर ब्यूटीफिकेशन के साथ ही ऐसे अनेकों कार्य किए गए हैं जो इस रास्ते को अपनी एक नई पहचान देगा! 7M चौक के एंट्री पर ही एक अद्भुत नजारा दिखाई दे रहा है इस चौक के समीप लगे हुए उद्यान के पास वर्टिकल गार्डन तैयार किया गया है! जैसे ही गणेश मंदिर रोड में प्रवेश करेंगे वैसे ही दोनों ओर मनमोहक लैंडस्केप का नजारा मिलेगा! यह सौंदर्यीकरण भिलाई को अपनी एक नई पहचान दे रहा है , खेलकूद ग्राउंड से लेकर यहां पर अनेकों कार्य किए गए हैं! इस सड़क के दोनों तरफ महापौर निधि के 43 लाख 94 हजार की लागत से विभिन्न कार्य किए गए हैं! यहां से गुजरने वाले लोगों को एक अलग ही नजारा देखने को मिलेगा! एंट्री पर ही वर्टिकल गार्डन अपनी और कर रहा है आकर्षित शहर के व्यस्तम प्रमुख चौक 7M के पास स्थित उद्यान के सामने आई लव भिलाई लिखा हुआ वर्टिकल गार्डन तैयार किया गया है, यह गणेश मंदिर जाने वाले रोड के प्रवेश पर ही बनाया गया है , इससे होकर गणेश मंदिर रोड की ओर प्रवेश होता है! यहां से गुजरने वाले लोगों को यह अपनी ओर आकर्षित कर रहा है! सड़क के दोनों किनारे लैंडस्कैपिंग का खूबसूरत नजारा वर्टिकल गार्डन से आगे बढ़ते ही गणेश मंदिर रोड की ओर प्रवेश होते ही दोनों तरफ सेंट्रल एवेन्यू रोड से फॉरेस्ट एवेन्यू रोड तक लैंडस्कैपिंग का कार्य किया गया है , अलग-अलग रंग के पौधों से सड़क किनारे को सुसज्जित किया गया है! हरियाली एवं सौंदर्यीकरण के लिए शोभायमान पौधे रोपित किए गए है! पेवर ब्लॉक भी लगाया गया है! सीसीटीवी कैमरा से लैस है सड़कें सड़कों के दोनों किनारे सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं, विभिन्न आयोजनों के लिए साउंड सिस्टम लगाया गया है , दिन ही नहीं अपितु रात्रि में भी आकर्षक बनाने के लिए एलइडी रोप लाइट से पूरे रोड को सजाया गया है , सड़क को आकर्षक बनाने के लिए फाउंटेन स्थापित किया गया है!

क्रिकेट प्रैक्टिस ग्राउंड सहित अन्य खेल मैदान तैयार इसी सड़क पर खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट की प्रैक्टिस करने बॉलिंग मशीन युक्त क्रिकेट मैदान तैयार किया गया जहां बाल , मशीन द्वारा फेंका जाएगा, यहां पर आसानी से क्रिकेट खिलाड़ी अपना अभ्यास कर सकते हैं! इसके अतिरिक्त दो बैडमिंटन कोर्ट जोकि एस्ट्रोटर्फ ग्रास युक्त है तैयार किया जा चुका है , पिकल बाल ग्राउंड भी तैयार किया गया है! लोकार्पण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू , दिवाकर भारती, जोहन सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू, जी राजू, एल्डरमैन शमशेर बहादुर सिंह, नरसिंह नाथ, जिला प्रशासन से वीरेंद्र बहादुर पंचभाई, निगम के जोन 5 के जोन आयुक्त महेंद्र पाठक, सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे!